**खबर संक्षेप**



## सामूहिक श्रमदान के लिए किया प्रेरित

**राजनांदगांव।** गांधी जयंती पर ग्राम पंचायत भोथीपारखुर्द में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल होकर ग्रामीणों को स्वच्छता संदेश के माध्यम से गांव की साफ-सफाई सामूहिक श्रमदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही अभिषेक सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी योजना बिजली बचत के तहत प्रधानमंत्री सूर्य योजना के बारे में ग्रामवासियों के विस्तार से जानकारी दी। ग्रामसभा में सरपंच जितेंद्र साहू, उपसरपंच पाशपाल साहू, पंच रितेश साहू, टकेश्वरी साहू, भानमती साहू, अनीता साहू, हेमलता साहू, जीराबाई साहू, झूनिया विश्वकर्मा, वरिष्ठ नागरिक गोपाल साहू, हरिराम साहू, रूमलाल साहू, रूपेंद्र साहू, रिखीराम, भुवाल साहू, थीरन साहू, गजधर साहू, गज्जू यादव, मंजू साहू, डोमन साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## रिटोटलिंग के परिणाम किए गए जारी

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के सेमेस्टर परीक्षा मई-जून 2025 के रिटोटलिंग परीक्षा परिणाम जारी कर दिए है। इसमें एलएलबी प्रथम सेमेस्टर (एटीकेटी), बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर समेत अन्य पाठ्यक्रम शामिल है। परिणाम विवि की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

## एक करोड़ से अधिक के विकास कार्य घोषित

**कवर्धा।** स्थानीय कवर्धा विधायक व डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने ग्रामीणों की मांग पर विभिन्न निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 23 लाख 50 हजार रुपए की घोषणा की। इसमें सामुदायिक भवन, सीसी रोड, मंगल भवन, रिटर्निंग वल, नाली निर्माण समेत अन्य शामिल है।

## ओपन विवि में दाखिला आवेदन 15 अक्टूबर तक

**कवर्धा।** पं. सुन्दर लाल ओपन विवि के पीजी व यूजी पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तारीख 15 अक्टूबर 4 बजे तक है। आवेदन विवि की वेबसाइट या पीएसएसओयू. नेट/पोर्टल/ में विजिट कर ऑनलाइन एडमिशन लिंक पर आवेदन कर सकते हैं।

## साकेत साहित्य परिषद का वार्षिक समारोह आज

**राजनांदगांव।** ग्राम ढोड़िया में कल 5 अक्टूबर को साकेत साहित्य परिषद सुरगी द्वारा ग्रामवासी ढोड़िया के सहयोग से 26वां वार्षिक सम्मान समारोह, परिचर्चा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष सचिन निषाद, पूर्व अध्यक्ष लखनलाल साहू ने बताया कि तीन सत्र में आयोजित यह कार्यक्रम सुबह 10.30 से प्रारंभ होकर शाम 6 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में साकेत साहित्य परिषद सुरगी के सदस्य एवं ग्रामवासी ढोड़िया जुटे हुए हैं।

### विरोध : मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

# हाफ बिजली बिल बंद पर कांग्रेस ने घेरा दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश में लगातार बढ़ते बिजली दरों और कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की गई 400 यूनिट तक निःशुल्क बिजली योजना को भाजपा सरकार द्वारा बंद किए जाने पर कांग्रेस ने जोरदार विरोध किया। कांग्रेस ने प्रदर्शन करते हुए जिला मुख्यालय स्थित बिजली कार्यालय का घेराव एवं तालाबंदी कर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार के ख़िलाफ़ नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा प्रदेश की आम जनता, विशेषकर गरीब, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवार बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। बढ़ती महंगाई के इस दौर में बिजली के दामों में की गई बेतहाशा वृद्धि ने हर वर्ग की कमर तोड़ दी है। जनता पर पड़ रहे इस अतिरिक्त बोझ के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली कार्यालय का घेराव किया।

इस आंदोलन का नेतृत्व पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने किया। इस दौरान छाबड़ा ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश की जनता को राहत देने के उद्देश्य से 400 यूनिट तक बिजली माफ की थी। लेकिन भाजपा सरकार ने आते ही इस योजना को बंद कर दिया और लगातार बिजली दरों में वृद्धि की जा रही है। गरीब और मध्यम वर्ग के घरों का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। यह भाजपा सरकार की जनविरोधी नीति का स्पष्ट प्रमाण है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने बिजली कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज कराया है। यदि भाजपा सरकार ने तुरंत बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी को वापस नहीं लिया और 400 यूनिट मुफ्त बिजली योजना को पुनः लागू नहीं किया, तो आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी जनआंदोलन और विशाल प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी। यह संघर्ष सड़क से लेकर विधानसभा तक जारी रहेगा।



**आंदोलन में बड़ी संख्या में शामिल हुए कांग्रेस कार्यकर्ता**

आंदोलन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बिजली दर वृद्धि का कड़ा विरोध किया। उक्त कार्यक्रम पर कांग्रेस नेता ललित विश्वकर्मा, सुमन गोस्वामी, सुरेंद्र तिवारी, टी आर जनार्दन, कविता साहू, दिनेश पटेल, रवि परगनिहा, जिला पंचायत सदस्य हरीश साहू, शशि प्रभा गायकवाड, प्रांजल तिवारी, मनोज शर्मा, मिथलेश वर्मा, सनत धर दीवान, दीपक दिनकर, शिव वर्मा, प्रज्वल वर्मा, मेहतर वर्मा, जनता साहू, योगिता साहू, रश्मि मिश्रा, रीता पांडे, राजू साहू, रवि रजक, रघु तिवारी, हेमिन यादव, ऋषि वर्मा, राम ठाकुर, राजेंद्र वर्मा, मनोज गायकवाड़, मोहित वर्मा, टीकेंद्र परगनिहा, देवा गर्ग, यवन डिंडोरी, अजय राज सेन, प्रतीक दुबे सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा विद्युत सरप्लस राज्य होने के बावजूद सरकार किसानों और आम जनता को बिजली दे नहीं रही है और यह बिजली वह चंद उद्योगपतियों के हाथ बेच रही है, जबकि छत्तीसगढ़ के द्वारा उत्पादित बिजली पर पहला अधिकार यहां के अन्नदाताओं का है, परंतु भाजपा सरकार बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर स्मार्ट मीटर लगाकर खुलेआम लोगों के जेब से डकैती कर रही है। आम जनता जो दो वक्त के खाने का इंतजाम बड़ी मुश्किल से कर पा रही है, उसे भारी भरकम बिजली बिल के रूप में रकम लूटने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा बेमेतरा जिले में भाजपा के नेताओं के इशारों पर बिजली विभाग के कुछ कर्मचारी बिके हुए हैं, ट्रांसफार्मर जल जाने पर महिनों महीनों तक ट्रांसफार्मर को बदला नहीं जाता, जबकि वहीं भाजपा नेता का फोन आने पर बिजली विभाग के अधिकारी बिना किसी देर के ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य कर देते हैं और इस खेल में किसानों से पैसों की वसूली की जा रही है। आम किसान जो बिना किसी एप्रोच के विद्युत मंडल कार्यालय में अपनी समस्या लेकर पहुंचता है उससे मोटी रकम की मांग की जाती है बेमेतरा जिले में भाजपा नेताओं ने एक गोरख धंधा चला लिया है आम जनता में बिजली विभाग को लेकर भारी आक्रोश भरा हुआ है जो कभी भी अनियंत्रित हो सकता है।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महिला बाल विकास विभाग संवेदनशीलता से कार्य करें : कलेक्टर

### कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष (दिशा भवन ) में महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर रणवीर शर्मा ने महिला बाल विकास विभाग के समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा बच्चों एवं महिलाओं के साथ ही किशोरी बालिकाओं के कल्याण में महिला बाल विकास विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिला ,बाल विकास विभाग बेहद गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ ही मानवीय संवेदना के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए कार्य संपादित करें। कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती माताओं के गर्भ में पल रहे शिशु पूर्णरूप से स्वस्थ्य जन्म हो, उनका सर्वांगीण विकास हो प्राथमिकता में शामिल करें। साथ ही साथ महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण में विभाग अपनी सार्थक भूमिका का निर्वहन सुनिश्चित करें । कलेक्टर ने बैठक में महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित अनेक महत्वाकांक्षी कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं जिले में चल रहे विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की।



कलेक्टर श्री शर्मा ने बैठक में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं के साथ ही केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं ,बच्चों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग के मैदानी अमला के अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त अधिकारीगण स्वस्फूर्त होकर संवेदनशीलता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में सुकन्या समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में समस्त पात्र बालिकाओं को योजनाओं का लाभ मिले ,इस दिशा में समस्त महिला बाल विकास के अधिकारीगण मैदानी स्तर पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि योजना बालिकाओं के एक बेहतर भविष्य निर्माण की दिशा में संचालित किया जा रहा है। जिसका ज्यादा से ज्यादा व्यापकरूप से लाभ मिले, इस दिशा में कार्य सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि महिला समूह विभुयोजनाओं का लाभ लें सकें,इसके लिए समस्त योजनाओं के अंतर्गत आधार सीडिंग का कार्य अविलंब कर लेवें। कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना से वंचित समस्त महिलाओं को योजना का लाभ दिलाने की दिशा में छुटे हुए महिलाओं का चिन्हांकन कर योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इसी तरह से कलेक्टर ने प्रधान मातृ वंदन योजना की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने योजना अंतर्गत सभी पात्र महिलाओं का शत प्रतिशत लाभांवित करने के निर्देश दिए ।



## श्री गुरुतेग बहादुर की शहीदी शताब्दी कीर्तन यात्रा का शहर में सिख समाज ने किया स्वागत

**बेमेतरा।** श्री गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी शताब्दी पर नगर कीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा छत्तीसगढ़ समाज रायपुर के स्टेशन रोड गुरुद्वारा से शुरू हुई और बेमेतरा पहुंची, जहां सिख समाज के अध्यक्ष सरदार गुरदयाल सिंह चावला के नेतृत्व में सिख समाज बेमेतरा की साध संगत द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। एक बस में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी सुशोभित थे, जबकि पंज प्यारे साहिबान भी नगर कीर्तन की शोभा बढ़ा रहे थे। दूसरे बस में सिख गुरुओं के शस्त्रों के दर्शन भी संगत को करवाए जा रहे थे। गुरु गोबिंद सिंह चौक में समाज के अध्यक्ष सरदार गुरदयाल सिंह चावला के नेतृत्व में साध संगत द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। पंज प्यारे की अगुवाई और श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सरपरस्ती में गुलाल और फूलों की वर्षा की गई और बोले सो निहाल के जय घोष लगाए गए। माताओं और बहनों ने शब्द कीर्तन करते हुए साध संगत के साथ धन्यवाद किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य, समाज के वरिष्ठ जन स्त्री सत्संगत कमेटी एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा सहित श्रद्धालुओं ने नगर कीर्तन यात्रा के दौरान श्री गुरु ग्रंथ साहिब को माथा टेका और लंगर में प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद लिए।

# जनपद सदस्य ने अपनी निजी बचत से 56 महिला समूह को दी स्वेच्छा अनुदान राशि



**अंजोरा।** सेवा पखवाड़ा के अवसर पर दुर्ग जिले की जनपद सदस्य संगीता माखन साहू ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम थनौद में पहुंचकर 56 स्व सहायता महिला समूह को 1000 रुपये की स्वैच्छिक अनुदान राशि वितरित की। महिला समूह के उत्थान के लिए इस अनूठी पहल की खूब सराहना हो रही है। दरअसल, जनपद सदस्य के पास ऐसी कोई निधि नहीं होती है लेकिन उन्होंने अपनी ही बचत राशि से यह राशि दान की है। जनपद सदस्य संगीता साहू ने बताया कि चुनाव के दौरान कई महिला समूह से संपर्क हुआ था शासन से योजनाओं का लाभ उनको मिल रहा है लेकिन एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उनकी समस्याओं को समझते हुए एक छोटा सा सहयोग का प्रयास किया गया है। जानकारी के मुताबिक प्रत्येक महिला समूह में 10 महिलाएं शामिल हैं इस प्रकार से कुल 560 लोग सीधे लाभान्वित हुई हैं।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लक्ष्य की पूर्ति एक सप्ताह में सुनिश्चित करें : कलेक्टर शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति में विलंब को लेकर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं वेंडर्स को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति एक सप्ताह के भीतर हर हाल में सुनिश्चित की जाए। ऐसा नहीं होने पर संबंधित अधिकारी एवं वेंडर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा सौंपे गए दायित्व का निर्वहन



अत्यंत संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम जन के हित में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा से आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर योजना के लाभों की जानकारी नागरिकों तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ें। कलेक्टर ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति न होना संबंधित अधिकारी की उदासीनता को दर्शाता है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी वेंडर्स को अनुबंध की शर्तों का पूर्ण पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समय सीमा में लक्ष्य की पूर्ति नहीं होती है, तो वेंडर्स का अनुबंध निरस्त किया जाएगा तथा विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।कलेक्टर शर्मा ने अंत में कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी एवं वेंडर्स टीम भावना से कार्य करें, ताकि जिले के प्रत्येक पात्र नागरिक को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

# धूमधाम से निकाली शोभा यात्रा, दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नारायणपुर

ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया शारदीय नवरात्र पर्व पर ग्राम में नौ दिनों तक पूजा -अर्चना और भक्ति भाव से देवी उपासना की गई। जहां महानवमी पर्व पर मां महामाया मंदिर व पंडालों में श्रद्धालुओं ने महामाया देवी की पूजा - अर्चना कर ग्राम की सुख समृद्धि और कल्याण की कामनाकी। जहां पूजा उपरांत देवी से क्षमा याचना कर ज्योति कलश व दुर्गाप्रतिमाओं की शोभा यात्रा निकाली गई जहां शोभा यात्रा में जस गीत मंडली बाजे -गाजे और देवी के जयकारों से पूरा गांव गुंजायमान हो उठा। यहां यात्रा दुर्गा पंडालों से प्रारंभ होकर पुरे गांव का भ्रमण कर भाठा तालाब पहूंची, जहां ज्योति कलश और मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विधिः विधान से तालाब में विसर्जन किया गया। वही



शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां बुजुर्ग सहित छोटे-छोटे बच्चे शामिल हूए। सभी ने श्रद्धा और उत्साह के साथ देवी मां को विदाई दी। विसर्जन उपरांत मां महामाया मंदिर में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर नवरात्रि पर्व का समापन किया। वही आसपास के ग्रामों में भी दुर्गा नवमी पर पूजा अर्चना के बाद मां दुर्गा की प्रतिमाओं को धूमधाम से विसर्जन किया गया। जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं ने माता रानी के प्रति आस्था और समर्पण भाव से पर्व को संपन्न किया। वही शाम के समय धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्वः विजयदशमी (दशहरा) पर्व इस वर्ष भी परंपसगत उत्साह, श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर वर्षों पुरानी रामलीला की परंपरा को ग्रामवासियों ने पूरी निष्ठा से जीवंत रखा। जिसमें बच्चों से लेकर बड़ों तक ने उत्साह से भाग लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार ग्राम में रामलीला का आयोजन बड़े लंबे समय से निरंतर होता आ रहा है। पहले आयोजन पूरे दस दिनों तक चलता था, लेकिन समय की सीमाओं के कारण अब इसे पांच दिन में संपन्न किया गया, इसके बावजूद रामलीला का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व आज भी बना हुआ है, इस वर्ष भी पूर्व माध्यमिक शाला में 20फीट ऊंचे रावण का पुतला दहन किया गया, जहां राम राक्षमण, हनुमान, रावण,सखी आदि के पात्रों को ग्रामीण कलाकारों ने जीवंत अभिनय के साथ प्रस्तुत किया। रामलीला के उपरांत रावण दहन का आयोजन किया गया,जिसे देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हूए। जहां रावण दहन के पश्चात लोग सोनपती को एक-दूसरे के कान में लगाकर प्रणाम करने और आशिर्वाद लेने की परंपरा भी निभाई, यह न केवल धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि आपसी भाईचारे, मेल -जोल और सोहार्द का प्रतीक भी माना जाता है। जिसे हर पीढ़ी आगे बढ़ाती आ रहीं हैं।




